# Paper II: Hindi

**36.** कंठोष्ठ्य ध्वनि का उदाहरण है-

**A.** औ
**B.** क
**C.** ए
**D.** त

**37.** 'लरिया' या 'खल्टाही' किस बोली को कहा जाता है?

**A.** मेवाती
**B.** छत्तीसगढ़ी
**C.** कन्नौजी
**D.** बघेली

**38.** रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का **सही अनुक्रम** है-

**A.** दोहाकोष, श्रावकाचार, कीर्तिलता, संदेशरासक
**B.** दोहाकोष, संदेशरासक, श्रावकाचार, कीर्तिलता
**C.** संदेशरासक, दोहाकोष, कीर्तिलता, श्रावकाचार
**D.** दोहाकोष, श्रावकाचार, संदेशरासक, कीर्तिलता

**39.** *"हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहिं बहुबिधि सब संता।।"* - रामकथा के प्रसंग में तुलसीदास ने यह बात किससे कहलवाई है?

**A.** तुलसी की स्वयं की उक्ति
**B.** कागभुसुंडि
**C.** शिव
**D.** याज्ञवल्क्य

**40.** इन काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| **A.** अति सूधो सनेह को मारग है | **1.** पद्माकर |
| **B.** साजि चतुरंग वीर रंग में तुरंग चढ़ि | **2.** भिखारीदास |
| **C.** गुलगुली गिल में गलीचा है गुनीजन हैं | **3.** भूषण |
| **D.** आगे के कवि रीझि हैं तो कविताई न तो, राधिका कन्हाई सुमिरन कौ बहानौ है। | **4.** बोधा |
| | **5.** घनानन्द |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | 4 | 1 | 3 | 5 |
| **B.** | 5 | 3 | 4 | 1 |
| **C.** | 2 | 5 | 1 | 3 |
| **D.** | 5 | 3 | 1 | 2 |

**41.** "दृग उरझत टूटत कुटुंब, जुरत चतुर चित प्रीति।
परति गांठि दुरजन हिये दई नई यह रीति।।"

उपर्युक्त दोहे के संबंध में कौन-सा **कथन सही** है ?

**1.** इसमें कार्य-कारण संबंध का स्वाभाविक चित्रण हुआ है ।
**2.** इसमें प्रेमी-प्रेमिका के प्रेम का स्वाभाविक चित्रण हुआ है ।
**3.** इसमें असंगति अलंकार है ।
**4.** इसमें विभावना अलंकार है ।

कूटः

**A.** 1 और 2 सही
**B.** 2 और 3 सही
**C.** 3 और 4 सही
**D.** 1 और 4 सही

**42.** निम्नलिखित में से कौन-से प्रगतिवादी **मूल्य नहीं** हैं ?

1. व्यष्टि-चेतना
2. यथार्थ चेतना
3. इतिहास-बोध
4. एकेश्वरवाद

नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर को चुनिये-

- **A.** 1,2 और 3
- **B.** 3 और 4
- **C.** 2 और 3
- **D.** 1 और 4

**43.** निम्नलिखित कथाकारों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिये-

| | |
|---|---|
| **A.** कृष्णा सोबती | **1.** कितने पाकिस्तान |
| **B.** श्रीलाल शुक्ल | **2.** टोपी शुक्ला |
| **C.** राही मासूम रजा | **3.** समय सरगम |
| **D.** कमलेश्वर | **4.** बिस्रामपुर का संत |
| | **5.** जुलूस |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | 3 | 4 | 2 | 1 |
| **B.** | 1 | 2 | 5 | 4 |
| **C.** | 2 | 1 | 3 | 4 |
| **D.** | 4 | 5 | 3 | 1 |

**44.** प्रश्न में दो कथन दिये गए हैं। इनमें से एक अभिकथन (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reasons) (R) है। कूट में दिये गए विकल्पों में से **सही विकल्प** का चयन कीजिये-

**अभिकथन (A):** कहानी छोटे मुँह बड़ी बात करती है ।

**तर्क (R):** लेकिन लघु आकार के कारण कहानी संपूर्ण जीवनबोध और सामाजिक सत्य को प्रकाशित नहीं कर सकती ।

- **A.** A और R दोनों गलत
- **B.** A और R दोनों सही
- **C.** A गलत, R सही
- **D.** A सही, R गलत

**45.** "समझदारी आने पर यौवन चला जाता है, जब तक माला गूँथी जाती है फूल कुम्हला जाते हैं।" -जयशंकर प्रसाद कृत 'चन्द्रगुप्त' नाटक का उक्त संवाद किस पात्र द्वारा बोला गया है?

- **A.** दाण्ड्यायन
- **B.** चाणक्य
- **C.** चन्द्रगुप्त
- **D.** सिंहरण

**46.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित निबंध-संग्रहों का **सही अनुक्रम** बताइये-

- **A.** कुटज, आलोक पर्व, अशोक के फूल, विचार और वितर्क
- **B.** अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कुटज, आलोक पर्व
- **C.** विचार और वितर्क, कुटज, आलोक पर्व, अशोक के फूल
- **D.** कुटज, अशोक के फूल, विचार और वितर्क, आलोक पर्व

**47.** प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धन्धा' किस आलोचक ने कहा?

- **A.** नन्दुलारे वाजपेयी
- **B.** रामविलास शर्मा
- **C.** शिवदान सिंह चौहान
- **D.** नामवर सिंह

**48.** रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना से संबद्ध तथ्य हैं-

**1.** प्रबंध काव्य को मुक्तक काव्य की तुलना में अधिक महत्त्व देते हैं ।
**2.** इस्लाम के आक्रमण को भक्तिकाल के उदय का कारण माना ।
**3.** छायावाद के समर्थक रहे किंतु उसे हिंदी कविता का स्वाभाविक विकास नहीं माना ।
**4.** कबीर को सामाजिक परिवर्तन के लिये प्रतिबद्ध कवि स्वीकार किया ।

इनमें से कौन-से कथन **सही नहीं** हैं?

**A.** 1 और 4 सही
**B.** 2 और 3 सही
**C.** 3 और 4 सही
**D.** 2 और 4 सही

**49.** निम्नलिखित यात्रा-साहित्य और उनके लेखकों को सुमेलित कीजिये-

| | |
|---|---|
| **A.** ठेले पर हिमालय | **1.** रांगेय राघव |
| **B.** आखिरी चट्टान | **2.** अमृत राय |
| **C.** सुबह के रंग | **3.** मोहन राकेश |
| **D.** पैरों में पंख बाँधकर | **4.** रामवृक्ष बेनीपुरी |
| | **5.** धर्मवीर भारती |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | 4 | 2 | 5 | 3 |
| **B.** | 1 | 4 | 2 | 5 |
| **C.** | 3 | 2 | 1 | 4 |
| **D.** | 5 | 3 | 2 | 4 |

**50.** 'झोपड़ी से राजभवन तक' के लेखक कौन हैं?

**A.** नैमिशराय
**B.** माताप्रसाद
**C.** कँवल भारती
**D.** सूरजपाल चौहान

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना **जीवनी नहीं** है?

**A.** कलम का मज़दूर
**B.** कलम का सिपाही
**C.** मेरी पत्नी और भेड़िया
**D.** 'प्रेमचंद' घर में

**52.** प्रकाशन-काल के अनुसार निम्नलिखित हिंदी पत्रिकाओं का **सही अनुक्रम** बताइए-

**A.** सरस्वती, कविवचन सुधा, हिंदी प्रदीप, नागरी प्रचारिणी पत्रिका
**B.** हिंदी प्रदीप, सरस्वती, कविवचन सुधा, नागरी प्रचारिणी पत्रिका
**C.** कविवचन सुधा, हिंदी प्रदीप, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सरस्वती
**D.** नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सरस्वती, कविवचन सुधा, हिंदी प्रदीप

**53.** प्रश्न में दो कथन दिये गए हैं। इनमें से एक अभिकथन (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reasons) (R) है। कूट में दिये गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिये-

**स्थापना (A):** कविता का अंतिम लक्ष्य जगत के मार्मिक पक्षों का प्रत्यक्षीकरण करके उनके साथ मनुष्य-हृदय का सामंजस्य स्थापन है

**तर्क (R):** केवल मनोरंजन करना कविता का उद्देश्य नहीं है।

कूटः

**A.** A और R दोनों गलत
**B.** A सही और R गलत
**C.** A गलत और R सही
**D.** A और R दोनों सही

**54.** निम्नलिखित समूहों में कालक्रमानुसार आचार्यों का कौन-सा **क्रम सही** है?

**A.** मम्मट, दंडी, भामह, आनन्दवर्द्धन
**B.** दंडी, आनन्दवर्द्धन, मम्मट, भामह
**C.** भामह, दंडी, आनन्दवर्द्धन, मम्मट
**D.** आनन्दवर्द्धन, भामह, मम्मट, दंडी

**55.** 'जहाँ बिना कारण के ही कार्य की संभावना व्यक्त की गई हो', वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

**A.** विभावना
**B.** असंगति
**C.** निदर्शना
**D.** अर्थान्तरन्यास

**56.** निम्नलिखित ग्रंथकार और उनके ग्रंथों को सुमेलित कीजिये-

| | |
|---|---|
| **A.** इलियट | **1.** पेरिइप्सूस |
| **B.** वर्ड्सवर्थ | **2.** पेरिपोइएतिकेस |
| **C.** लोंजाइनस | **3.** लिरिकल बैलेड्स |
| **D.** अरस्तू | **4.** रिपब्लिक |
| | **5.** दि वेस्ट लैंड |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | 1 | 2 | 3 | 4 |
| **B.** | 5 | 3 | 1 | 2 |
| **C.** | 3 | 4 | 1 | 5 |
| **D.** | 4 | 1 | 2 | 3 |

**57.** वर्ड्सवर्थ से संबंधित उल्लेख्य तथ्य हैं-

**1.** 'लिरिकल बैलेड्स' की प्रथम संस्करण की भूमिका 'एडवरटीज़मेंट' नामक शीर्षक से लिखी ।
**2.** प्रकृति उनके विचारों का मूल थी ।
**3.** वर्ड्सवर्थ और कॉलरिज ने मिलकर काव्य संबंधी चिंतन किया ।
**4.** इस संग्रह का चतुर्थ संस्करण 1820 ई. में प्रकाशित हुआ ।

सही कूट का चयन कीजिये-

**A.** 1, 2 और 4 सही
**B.** 1, 3 और 4 सही
**C.** 2, 3 और 4 सही
**D.** 1, 2 और 3 सही

**58.** 'अस्तित्ववाद' का प्रणेता किसे माना जाता है?

**A.** कीर्केगार्द
**B.** हाइडेगर
**C.** सार्त्र
**D.** कामू

**59.** इनमें कौन-सा **युग्म संगत** है?

**A.** विजयपालरासो- चंदबरदाई
**B.** खुमाणरासो- जगनिक
**C.** बीसलदेवरासो- नरपति नाल्ह
**D.** परमालरासो- दलपत विजय

**60.** 'ललित ललाम' किसका ग्रंथ है ?

**A.** जसवंत सिंह
**B.** भूषण
**C.** पद्माकर
**D.** मतिराम

**61.** "दुख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूँ आज जो नहीं कही"। -उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्‌धृत हैं?
- **A.** सरोज-स्मृति
- **B.** राम की शक्तिपूजा
- **C.** तुलसीदास
- **D.** कुकुरमुत्ता

**62.** सुमेलित कीजिये-

| | |
|---|---|
| **A.** ऋतुसंहार | **1.** ट्रेवलर |
| **B.** एकांतवासी योगी | **2.** डेजर्टेड विलेज |
| **C.** उजड़ग्राम | **3.** ऋतुसंहार |
| **D.** श्रांत पथिक | **4.** हरमिट |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| **A.** | 3 | 2 | 1 | 4 |
| **B.** | 3 | 2 | 1 | 4 |
| **C.** | 3 | 4 | 2 | 1 |
| **D.** | 3 | 2 | 3 | 1 |

**63.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार प्रेमचंद के निम्नलिखित उपन्यासों का **सही अनुक्रम** बताइये-
- **A.** वरदान, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, निर्मला
- **B.** प्रेमाश्रम, रंगभूमि, निर्मला, वरदान
- **C.** रंगभूमि, निर्मला, वरदान, प्रेमाश्रम
- **D.** निर्मला, वरदान, प्रेमाश्रम, रंगभूमि

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक 'श्रीनिवासदास' का **नहीं** है?
- **A.** रणधीर प्रेममोहिनी
- **B.** महारानी पद्मावती
- **C.** तप्तासंवरण
- **D.** संयोगिता स्वयंवर

**65.** निम्नलिखित में से कौन **मार्क्सवादी समालोचक नहीं** है?
- **A.** शिवदानसिंह चौहान
- **B.** रामविलास शर्मा
- **C.** नन्दुलारे वाजपेयी
- **D.** नामवर सिंह

**66.** महात्मा गांधी की जीवनी 'अकाल पुरुष गांधी' के लेखक हैं-
- **A.** गिरिराज किशोर
- **B.** जैनेन्द्र कुमार
- **C.** यशपाल
- **D.** इलाचन्द्र जोशी

**67.** "साधारणीकरण कवि की अनुभूति का होता है" ।- यह मत किसका है?
- **A.** डॉ. श्यामसुंदर दास
- **B.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल
- **C.** डॉ. नगेंद्र
- **D.** आचार्य नंददुलारे वाजपेयी

**68.** "कविता कवि व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व से पलायन है"। -यह कथन किसका है?
- **A.** लूकाच
- **B.** कॉलरिज
- **C.** आई.ए. रिचर्ड्स
- **D.** टी. एस. इलियट

**69.** हरिशंकर परसाई के निबंध-संग्रह हैं-

1. आओ बैठ लें कुछ देर
2. सदाचार का ताबीज
3. तुलसीदास चन्दन घिसें
4. आवारा भीड़ के खतरे

**A.** 1, 3 और 4 सही
**B.** 1 और 2 सही
**C.** 2, 3 और 4 सही
**D.** 1,3 और 4 सही

**70.** पश्चिमी हिंदी की दो बोलियों का **सही युग्म** है-

**A.** कन्नौजी-अवधी
**B.** ब्रज-बघेली
**C.** छत्तीसगढ़ी-बाँगरू
**D.** खड़ी बोली-बुंदेली